केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग

भारतीय भाषा उत्सव- प्रतिवेदन

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग द्वारा प्रसिद्ध तमिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया गया । इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के तहत छात्रों को भारतीय भाषाओं की जानकारी देने, अन्य भारतीय भाषाएँ सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रघुनाथ कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय देवप्रयाग के प्रधानाचार्य डॉ शैलेन्द्र नारायण कोटियाल ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. एम. चंद्रशेखर ने की। उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन परिचय एवं उनके विषय में व्याख्यान दिए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपप्रज्जवलन एवं वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अरविन्द सिंह गौर ने प्रस्तुत किया। वेद विभागाध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र प्रसाद उनियाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर न्याय विभागाध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद स्नेही, डॉ श्रीओम शर्मा, डॉ वीरेन्द्र बर्त्वाल, श्री पंकज कोटियाल, डॉ अमंद मिश्र, डॉ अवधेश चंद्र, डॉ जनार्दन सुबेदी, श्री रघु बी. राज, डॉ मनीषा आर्या, डॉ मोनिका बोल्ला आदि उपस्थित थे।